कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान द्वारा आयोजित

# राजस्थान पुलिस परीक्षा-2007

## सॉल्वड पेपर

परीक्षा: 28/10/2007

### भाग - 'अ'

1. **पुलिस विभाग में हथियार देने का उद्देश्य है–**
   (1) रौब बढ़ाना (2) आकर्षक दिखाना
   (3) आवश्यकतानुसार स्वयं की या अन्य नागरिकों की रक्षा हेतु प्रयोग में लेना
   (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. **आप अत्यन्त लगन व मेहनत से कार्य करते हैं, परन्तु आपके वरिष्ठ अधिकारी आपको इसका श्रेय नहीं देते, आप–**
   (1) कार्य में रूचि लेना कम कर देंगे
   (2) अपने मित्रों को भी कम रूचि से कार्य करनेकी सलाह देंगे
   (3) विनम्रतापूर्वक वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखेंगे।
   (4) न्यायालय में जाएंगे

3. **आप एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की कार चला रहे हैं, ट्रैफिक लाइट पर लाल बत्ती हो जाती है–**
   (1) आप बत्ती हरी होने तक रूकेंगे।
   (2) दायें–बायें देखकर यदि ट्रैफिक की भीड़ कम हो, तो निकल जाएंगे
   (3) अधिकारी से पूछकर निर्णय करेंगे।
   (4) बेरोक टोक चलते जाएंगे।

4. **आप द्वारा वाहन चलाते समय दुर्घटना घटित हो जाती तथा दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो जाता है, तो आ... प्रथम कार्य क्या करेंगे?**

cssri.org


(1) आप वहाँ से भाग निकलेंगे
(2) तुरन्त पुलिस को सूचित करेंगे
(3) घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाकर इलाज करवाऐंगे
(4) पुलिस थाने जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखवाएंगे।


5. **पुलिस विभाग द्वारा अलग से एक यातायात पुलिस विभाग की स्थापना किए जाने का मुख्य उद्देश्य है–**
(1) यातायात व्यवस्था को हर समय सुचारू एवं निर्बाध बनाना।
(2) यातायात नियमों का पालन करवाना ताकिदुर्घटना घटित न हों।
(3) यातायात व्यवस्था में व्यक्तियों की सुरक्षा का ध्यान रखना।
(4) उपर्युक्त सभी


6. **एक व्यापारी आधा माल 20 प्रतिशत लाभ पर बेचता है व बाकी आधा 20 प्रतिशत हानि पर, तो व्यापार में उसे –**
(1) कुल शून्य लाभ/हानि होगी
(2) एक प्रतिशत लाभ होगा
(3) एक प्रतिशत हानि होगी
(4) उत्तर हेतु जानकारी अपूर्ण है।


7. **नीचे दिए गए शब्दों में से अंग्रेजी शब्दकोश में पहले आयेगा?**
(1) RESPECT (2) RESORT
(3) RESPONSE (4) RESTORE

8. **निम्नलिखित में से कौनसा चित्र भारत, राजस्थान, जयपुर के सम्बंधों को दर्शाता है?**

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

cssri.org

9. असंगत को पहचानिए –

(1) सारंगी (2) तबला

(3) सितार (4) गिटार

10. सही विकल्प चुनिए –

इंगलैण्ड : यूरोप : : भारत : ?

(1) एशिया (2) आस्ट्रेलिया

(3) विश्व (4) यूरोप

11. वह छोटी–से–छोटी संख्या क्या है, जिसे 4, 6, 8, 12 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 3 शेष रहे?

(1) 21 (2) 18

(3) 35 (4) 27

12. 15, 18, 23, 30, 39, 50, 63, ?

(1) 90 (2) 75

(3) 78 (4) 80

13. एक कथन दिया है और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं, वह निष्कर्ष चुनिए, जो दिए गए कथन में निश्चित रूप से निकलता है–

**कथन :** उस दुकान में अधिकांश पोशाकें महँगी हैं।

(1) उस दुकान में कुछ पोशाकें महँगी है।

(2) उस दुकान में सस्ती पोशाकें भी है।

(3) उस दुकान में हैण्डलूम की पोशाकें सस्ती है।

(4) उस दुकान में सस्ती पोशाकें उपलब्ध नहीं

14. एक चुनाव बूथ पर आपकी ड्यूटी लगी है, आप निम्नलिखित में से कौनसा कार्य पसन्द नहीं करेंगे?

(1) वर्दी पहनना (2) राजनैतिक परिचर्चा

(3) अफवाहों का खण्डन

(4) शांति व कानून व्यवस्था का संचालन

15. निम्नांकित आकृति में कितने त्रिभुज है?



cssri.org

(1) 5 (2) 8
(3) 14 (4) 10

16. बतौर पुलिस अधिकारी आप किसी मामले की जाँच कर रहे हैं, जाँच के दौरान आपका रिश्तेदार दोषी पाया जाता है, तो आप क्या करेंगे?
(1) अधिकारियों से उसकी सिफारिश करेंगे
(2) रिश्तेदार की चुपचाप मदद करेंगे
(3) अवकाश पर चले जाएंगे
(4) नियमानुसार अपना काम करते रहेंगे

17. पुलिस विभाग में महिलाओं की नियुक्ति से –
(1) विभाग की कार्यकुशलता घटती है।
(2) विभाग में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ता है।
(3) गुमनाम शिकायतें बढ़ती हैं।
(4) पुरूषों के रोजगार के अवसर कम होते हैं।

18. पुलिस की छवि के सम्बंध में आम शिकायत है–
(1) पुलिस संवेदनशील नहीं है।
(2) पुलिस वाले मोटे होते हैं।
(3) उनकी वर्दी ठीक नहीं होती।
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. आप और आपका भाई दोनों कानि. भर्ती परीक्षा के उम्मीदवार हैं?
(1) आप और आपका भाई एक–दूसरे की परीक्षा में मदद करेंगे।
(2) परीक्षा व शारीरिक योग्यता हेतु साथ–साथ तैयारी करेंगे।
(3) शिकायत के डर से अलग–अलग जिलों में फार्म भरेंगे।
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. शारीरिक फिटनेस आवश्यक है, क्योंकि –
(1) इससे आप आकर्षक दिखते हैं।
(2) आप स्वस्थ व निरोग रहते हैं।
(3) स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है।
(4) उपर्युक्त सभी

cssri.org

21. "?" स्थान हेतु सही विकल्प चुनिए –

2, 5, 11, 23, 47

(1) 84
(2) 74
(3) 94
(4) 95

22. "?" स्थान हेतु सही विकल्प चुनिए–

C, F, I, L, ?

(1) R
(2) O
(3) Q
(4) P

23. जो सम्बंध 'रोटी' का गेहूँ से है, वहीं सम्बंध 'ईंट' का है

(1) भवन से
(2) मिट्टी से
(3) आग से
(4) पत्थर से


24. एक व्यक्ति के पास 10 आम थे। चार आम छोड़कर स आम खा डाले गये, अब उसके पास कितने आम बचे हैं


(1) चार
(2) पाँच
(3) छः
(4) दस


25. विजय कहता है कि यह मेरी बहिन के पति की सास के इकलौते पुत्र की पत्नी का पुत्र है, विजय का उससे सम्बंध होगा–


(1) पिता
(2) दादा
(3) पुत्र
(4) पौत्र


26. "?" स्थान पर आने वाली आकृति पहचानिए–



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

27. 1÷1×1+1–1=?

(1) 2
(2) 0
(3) 1
(4) 4

cssri.org


28. मनोज घर से रेलवे स्टेशन के लिए सामान्य से 15 मिनट पहले निकला, रेलवे स्टेशन पहुँचने में 10 मिनट लगते हैं व 8 : 40 बजे रेलवे स्टेशन पहुँचा, वह सामान्यतः कितने बजे निकलता है?

(1) 8 : 30 बजे (2) 8 : 55 बजे

(3) 8 : 45 बजे

(4) जानकारी अधूरी है, उत्तर सम्भव नहीं है।

29. चित्र में A श्रेष्ठ वक्ताओं को, B स्नातकोत्तरों को, C डॉक्टरों को प्रदर्शित करता है, किस संख्या से ऐसे श्रेष्ठ वक्ता प्रदर्शित होते हैं, जो न तो स्नातकोत्तर हैं व ना ही डॉक्टर?




(1) 6 (2) 5

(3) 1 (4) 2

30. $7.36 + 15.34 \times 5.5 = ?$

(1) 124.85 (2) 91.18

(3) 91.73 (4) 76.39

31. यदि आने वाले कल के दो दिन बाद शुक्रवार है, तो बीते हुए कल के दो दिन पहले सप्ताह का कौनसा दिन था?

(1) शनिवार (2) रविवार

(3) सोमवार (4) गुरूवार

32. कोई घड़ी 1 बजे एक बार 2 बजे 2 बार, 3 बजे 3 बार आगे इसी तरह बजती है, एक दिन में वह घड़ी कितनी बार बजेगी?

(1) 300 बार (2) 360 बार

(3) 78 बार (4) 156 बार

cssri.org

33. लुप्त पद ज्ञात कीजिए –

| | | |
|---|---|---|
| 81 | 121 | 225 |
| 9 | 11 | 15 |
| 63 | ? | 105 |

(1) 77 (2) 68

(3) 54 (4) 52

34. फिल्म : निदेशक :: पत्रिका : ?

(1) प्रकाशक (2) लेखक


(3) सम्पादक (4) पाठक

35. मकान तथा किराया : : ?


(1) मकान तथा किराया (2) पूँजी तथा ब्याज


(3) देनदार तथा लेनदार (4) क्लर्क तथा वेतन

36. पक्षी, कौआ, शुतुरमुर्ग –



37. प्रश्न आकृतियाँ ?






(1) (2) (3) (4)

cssri.org

38. विजातीय आकृति को पहचानिए–



(1) (2) (3) (4)

39. एक दर्पण में एक घड़ी 11 बजकर 20 मिनट प्रदर्शित करती है, तो समय क्या हुआ है?

(1) 12 बजकर 40 मिनट (2) 11 बजकर 20 मिनट

(3) 08 बजकर 50 मिनट (4) 10 बजकर 20 मिनट

40. अभिषेक का जन्मदिन माह के तीसरे शनिवार को है, उसी माह का तीसरा दिन सोमवार है, निम्न में से किस दिनांक को अभिषेक का जन्मदिन होगा?

(1) 14 (2) 15

(3) 17 (4) 16

## भाग – 'ब'

41. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत् कहाँ शिकायत नहीं की जा सकती ?

(1) पुलिस थाने पर (2) जिला मंच

(3) राज्य आयोग (4) राष्ट्रीय आयोग

42. मशहूर 'विमल वसही' व 'लूण वसही' मंदिर कहाँ है ?

(1) आबू पर्वत पर (2) आबू रोड पर

(3) रणकपुर में (4) बालोतरा में

43. पुष्कर का मेला किस तिथि को लगता है?

(1) कार्तिक अमावस्या (2) कार्तिक पूर्णिमा

(3) फाल्गुन पंचमी (4) आसोज पूर्णिमा

44. आभानेरी की चाँदबावड़ी किस जिले में स्थित है?

(1) दौसा (2) जयपुर

(3) भरतपुर (4) करौली

cssri.org

45. निम्नलिखित में से कौनसी नगरी महाकवि माघ की नगरी के तौर पर जानी जाती है?

(1) भीनमाल (2) सिरोही

(3) आबू (4) रणकपुर

46. लोकदेवता गोगाजी का थान सामान्यतः किस पेड़ के नीचे बनाए जाते हैं?

(1) खेजड़ी (2) बबूल

(3) पीपल (4) बरगद

47. पिछवाई चित्रशैली का मुख्य विषय है–

(1) युद्ध (2) राजदरबार

(3) प्रणय प्रसंग (4) श्रीकृष्ण लीला

48. मशहूर लोकनृत्य 'गीदड' किस क्षेत्र से सम्बंधित है?

(1) शेखावाटी (2) बागड़

(3) मारवाड़ (4) मेवाड़

49. राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल होता है–

(1) पाँच वर्ष (2) छः वर्ष

(3) तीन वर्ष (4) चार वर्ष

50. भारत के राष्ट्रपति बनने की न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए ?

(1) 30 वर्ष (2) 40 वर्ष

(3) 35 वर्ष (4) 25 वर्ष

51. राजस्थान में 2001 में साक्षरता का प्रतिशत कितना है?

(1) 54.99 (2) 20.44

(3) 60.41 (4) 64.38

52. राज्य में सरसों तेल उद्योग का प्रमुख क्षेत्र है–

(1) बाँसवाड़ा (2) अलवर

(3) जयपुर (4) भरतपुर

53. राज्य में कुल कितने राष्ट्रीय उद्यान है?

(1) 2 (2) 3

(3) 4 (4) 5

cssri.org

54. राजस्थान की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है?
(1) राजसमन्द झील (2) नक्की झील
(3) जयसमन्द झील (4) कायलाना झील

55. राजस्थान में कम वर्षा का कारण अरावली पर्वतमाला की निम्न में से कौनसी स्थिति के कारण है?
(1) इसका मानसून के समानान्तर होना
(2) मानसून दिशा के विपरीत होना
(3) श्रृंखला में कटाव होना
(4) श्रृंखला का वनस्पतिविहीन होना

56. वीर सतसई के लेखक है–
(1) कन्हैयालाल सेठिया (2) सूर्यमल्ल मिश्रण
(3) बाकीदास (4) चन्दबरदाई

57. विश्व का सर्वश्रेष्ठ लिग्नाइट पाया गया है–
(1) पलाना (2) खारी
(3) कपूरडी व जालीपा (4) मेड़तारोड

58. राजस्थान में सर्वाधिक सिंचाई की जाती है–
(1) कुओं व नलकूपों द्वारा (2) तालाबों द्वारा
(3) नहरों द्वारा (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. पटवों की हवेली स्थित है–
(1) बीकानेर में (2) सीकर में
(3) जोधपुर में (4) जैसलमेर में

60. हस्तशिल्प कागज राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना की गई है?
(1) सांगानेर में (2) आमेर में
(3) कोटपुतली में (4) कैथून में

61. पीवणा किस जीव की प्रजाति है?
(1) अजगर (2) मगरमच्छ
(3) घड़ियाल (4) साँप

62. काजरी कहाँ है–
(1) जोधपुर में (2) उदयपुर में
(3) अजमेर में (4) जयपुर में

cssri.org

63. मेजर राज्यवर्द्धन सिंह ने 28वें ओलम्पिक खेल में निशानेबाजी में कौनसा पदक जीता?
(1) स्वर्ण (2) रजत
(3) कांस्य (4) सांत्वना पदक

64. मुस्लिमों की स्थिति पर 2005 में गठित समिति है?
(1) लिंगदोह समिति (2) बनर्जी समिति
(3) सच्चर समिति (4) एन.पी. सिंह समिति

65. किस भारतीय मूल की महिला ने अंतरिक्ष में सर्वाधिक समय तक रहने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
(1) सुनीता विलियम्स (2) कल्पना चावला
(3) अनीता विलियम्स (4) इनमें से कोई नहीं

66. सूर्य का ताप पृथ्वी तक किस प्रक्रिया द्वारा पहुँचता है?
(1) चालन (2) संवहन
(3) विकिरण (4) ये सभी

67. हृदय और फेफड़ों की अवाज सुनने के लिए डॉक्टर किस यंत्र का उपयोग करते हैं?
(1) स्ट्रॉवास्कोप (2) स्टेथोस्कोप
(3) स्टीरियोस्कोप (4) स्पेक्ट्रोमीटर

68. राजस्थान का सागवान कौनसा वृक्ष है?
(1) रोहिड़ा (2) खेजड़ी
(3) खैर (4) बबूल

69. शरीर में हीमोग्लोबिन का कार्य है?
(1) रोगाणुओं का नाश (2) रक्ताल्पता दूर करना
(3) ऑक्सीजन का संवहन (4) रक्त को गाढा करना

70. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी स्थित है–
(1) देहरादून में (2) पूना में
(3) खड़गवासला में (4) हैदराबाद में

71. नाभिकीय ऊर्जा से सम्बंधित समझौते का क्या नाम है?
(1) 1, 2 का 4 (2) 007
(3) 123 (4) 456

cssri.org

72. वर्ष 2007 में रामदेवरा के जातरूओं से भरा ट्रक की भीषण दुर्घटना किस जिले में हुई थी?
(1) पाली (2) राजसमंद
(3) उदयपुर (4) जोधपुर

73. सीमा सुरक्षा बल फ्रंटियर मुख्यालय राजस्थान में कहाँ है?
(1) बाड़मेर में (2) जैसलमेर में
(3) जोधपुर में (4) बीकानेर में

74. 'बाबू महाराज' का मेला किस जिले में लगता है?
(1) करौली (2) धौलपुर
(3) सवाई माधोपुर (4) भरतपुर

75. प्रदेश के नए राज्यपाल कौन हैं?
(1) शैलेन्द्र कुमार सिह (2) ए. आर. किदवई
(3) अंशुमान सिंह (4) नवरंग लाल टिबरेवाल

76. टूटी हड्डियों की सही स्थिति किससे ज्ञात होती है?
(1) लेजर (2) माइक्रोवेव
(3) एक्सरे (4) अल्ट्रसाउंड

77. अफीम के पौधे का कौनसा हिस्सा औषधीय महत्व का है?
(1) बीज (2) छाल
(3) जड़ (4) कच्चे फलों का दूध

78. ध्वनि प्रदूषण को मापने की इकाई है–
(1) डेसीबल (2) अल्ट्रासाउंड
(3) हेडफोन (4) इयरफोन

79. निम्नलिखित में से कौन मिसाइल का नाम नहीं है?
(1) पृथ्वी (2) नाग
(3) त्रिशूल (4) आर्यभट्ट

80. रबी फसल का सही युग्मक कौनसा है?
(1) गेहूँ–चावल (2) सोयाबीन–सरसों
(3) सरसो–चावल (4) गेहूँ–सरसों

81. राजस्थान में ताँबें की खानें कहाँ है?
(1) जावर में (2) खेतड़ी में
(3) कोलायत में (4) गोटन में

cssri.org

82. राजस्थान में लिम्बाराम प्रसिद्ध है–
(1) कबड्डी में (2) कुश्ती में
(3) तीरंदाजी में (4) गायन में

83. राजस्थान में दूरस्थ शिक्षा के लिए उत्तरदायी विश्व विद्यालय कहाँ है?
(1) जोधपुर में (2) कोटा में
(3) बीकानेर में (4) जयपुर में

84. हाल ही में न्यायालय द्वारा किस फिल्म कलाकार को राजस्थान में दंडित किया गया?
(1) संजय दत्त (2) मोनिका वेदी
(3) सलमान खान (4) तब्बू

85. हाल ही में हुए एशिया कप हॉकी फाइनल में भारत ने किस देश को हराया?
(1) दक्षिण कोरिया (2) जापान
(3) मलेशिया (4) पाकिस्तान

86. राजस्थान दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 30 मार्च (2) 30 जनवरी
(3) 30 जुलाई (4) 1 जनवरी

87. प्राचीन पांडुपोल मंदिर किस जिले में है?
(1) अजमेर (2) जयपुर
(3) अलवर (4) दौसा

88. पुरूषों के अनुपात में अधिकतम महिलाओं वाला जिला (राजस्थान में) कौनसा है?
(1) डूँगरपुर में (2) उदयपुर में
(3) बाँसवाडा में (4) सिरोही

89. राजस्थान में मीणा व भील के पश्चात् तृतीय सबसे बड़ी जनजाति है?
(1) सांसी (2) गरासिया
(3) डामोर (4) सहरिया

cssri.org

90. अरावली पर्वत शिखर का सबसे ऊँचा शिखर कौनसा है?
(1) गुरूशिखर (2) सेर
(3) रिगढ़ (4) जिरगा

91. अधीनस्थ न्यायालय की श्रेणी में नहीं आता है–
(1) सत्र न्यायालय
(2) मुंसिफ न्यायालय
(3) राजस्व मंडल
(4) अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की अदालत

92. 'आराम हराम है' नारा किसने दिया था?
(1) महात्मा गांधी (2) जवाहरलाल नेहरू
(3) सरदार पटेल (4) सुभाषचंद्र बोस

93. 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के अतिरिक्त किस मशहूर व्यक्तित्व का जन्मदिन मनाया जाता है?
(1) जवाहरलाल नेहरू (2) मोतीलाल नेहरू
(3) इंदिरा गांधी (4) लालबहादुर शास्त्री

94. राजस्थान में चूलिया जल प्रपात किस नदी पर है?
(1) माही (2) लूनी
(3) चम्बल (4) सोम

95. मेवाड़ के अरावली क्षेत्र की भील जाति का लोकनाट्य है–
(1) गंधर्व (2) गवरी
(3) भवाई (4) रम्मत

96. बाड़मेर में तेल की खुदाई करने वाली कपंनी है–
(1) ओ. एन. जी. सी. (2) इंडियन ऑयल
(3) केयर्न इंडिया (4) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

97. निम्नलिखित में से कौनसा तत वाद्य नहीं है?
(1) रावण हत्था (2) जंतर
(3) अलगोझा (4) कामायचा

98. राजस्थान उत्पादन में देश में प्रथम है–
(1) गेहूँ के (2) सरसों के
(3) जौ के (4) चना के

cssri.org

99. **होहोबा क्या है?**

(1) पौधा (2) रोग

(3) कपास की किस्म (4) यूरोपीय व्यंजन

100. **'ढोलामारू रा दूहा' के रचयिता है–**

(1) कवि कल्लोज (2) मुहणोत नैणसी

(3) बांकीदास (4) शरंगधर

## उत्तरमाला

1. (3) 2. (3) 3 (1) 4 (3) 5 (4)

6. (1) जितना लाभ है उतनी ही हानि है अतः उसे शून्य लाभ/हा होगी।

7. (2) शब्दों का क्रम अंग्रेजी शब्दकोष के अनुसार इस प्रकार होगा-
RESORT, RESPECT,
RESPONSE, तथाRESTORE

8. (3) भारत के अंदर राजस्थान और राजस्थान के अंदर जयपुर है

9. (2) अन्य सभी तार सम्बंधी बाद्य हैं।

10. (1) जिस प्रकार 'इंग्लैण्ड', 'यूरोप' महाद्वीप के अंतर्गत आता है उ प्रकार 'भारत' 'एशिया' महाद्वीप के अंतर्गत आता है।

11. (4)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 4, | 6, | 8, | 12 |
| 2 | 2, | 3, | 4, | 6 |
| 3 | 7, | 3, | 2, | 3 |
| | 1, | 1, | 2, | 1 |

$\therefore 2 \times 2 \times 2 \times 3 = 24$


12. (3) 15 18 23 30 39 50 63 78
+3 +5 +7 +9 +11 +13 +15

13. (2) चूँकि उस दुकान में अधिकांश पोशाकें महँगी हैं अर्थात स पोशाकें महँगी नहीं है, अतः कुछ पोशाकें उस दुकान पर सस्ती भी है

14. (2)

15. (4)

cssri.org




इस आकृति में 10 त्रिभुज बनते हैं–

1. AJF
2. BFG
3. CGH
4. DHI
5. EIJ
6. AIC
7. ADG
8. BEH
9. CEF तथा
10. BDJ

16. (4)
17. (2)
18. (1)
19. (2)
20. (E)

21. (D)

2 5 11 23 47 95

×2+1 ×2+1 ×2+1 ×2+1 ×2+1


22. (B) C F I L O

+3 +3 +3 +3

23 (2) जिस प्रकार 'रोटी' 'गेहूँ' से बनती है, उसी प्रकार 'ईंट', 'मिट्टी' से बनती है।

24 (1) जो चार आम छोडें हैं वही बचे हैं।

25 (1)




26 (2) प्रश्न आकृति (1) की प्रश्न आकृति (3) उल्टी है, उसी प्रकार प्रश्न आकृति (2) की प्रश्न आकृति (4) उल्टी होनी चाहिए।

27 (3) $? = 1 \div 1 \times 1 + 1 - 1$

cssri.org

$= 1 \times \frac{1}{1} \times 1 + 1 - 1$

$= 1 + 1 - 1$

$= 1$

28 (3) सामान्यतः निकलने का समय

$= 8 : 40 - 0 : 10 + 0 : 15 = 8 : 45$

29. (3)

30. (3) $? = 7.36 + 15.34 \times 5.5$

$= 7.36 + 84.37$

$= 91.73$

31. (1) कल के दो दिन बाद शुक्रवार है अर्थात् आज मंगलवार है अत बीता हुआ कल सोमवार हुआ और सोमवार से दो दिन पहले शनिवार हुआ।

32 (4) कुल संख्या

$= 2 [1 + 2 + 3 + .... 11 + 12]$

$= 2 \times \frac{12 \times 13}{2}$

$= 156$

33. (1) प्रथम स्तम्भ में $81 = (9)^2$

तथा $63 = 9 \times 7$

दूसरे स्तम्भ में

$121 = (11)^2$

तथा $? = 11 \times 7 = 77$

34. (3)


35. (2) जिस प्रकार मकान की आय, किराया है उसी प्रकार पूँजी की आय ब्याज है।

36. (2) कौआ और शतुरमुर्ग दोनों ही 'पक्षी' समुदाय के अंतर्गत हैं।

37. (2) प्रश्न आकृति (1) से (2) में एक क्षैतिज रेखा बढ़ती है, आकृति (2) से (3) में एक ऊर्ध्वाधर रेखा बढ़ती है, अतः आकृति (3) से (4) में फिर एक क्षैतिज रेखा बढ़ेगी।

cssri.org

38. केवल आकृति (D) में हल में छोटा वृत्त काला है।

39. (1) 


40. (2) 3 तारीख को सोमवार, 10, 17 और 24 को सोमवार ∴ तीसरा शनिवार 15 तारीख को होगा।

41. (1) 42. (1) 43. (2)
44. (1) 45. (1) 46. (1)
47. (4) 48. (1) 49. (2)
50. (3) 51. (3) 52. (4)

53. (3) राजस्थान में निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यान है–
1. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
2. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
3. मरू राष्ट्रीय उद्यान
4. दर्रा अभ्यारणय राष्ट्रीय उद्यान

54. (3) 55. (1) 56. (2) 57. (1) 58. (1) 59. (4)
60. (1) 61. (4) 62. (1) 63. (2) 64. (3) 65. (1)
66. (3) 67. (2) 68. (1) 69. (3) 70. (3) 71. (3)
72. (2)

73. (3) राजस्थान में सीमा सुरक्षा बल का फ्रंटियर मुख्यालय मंदौर रोड, जोधपुर में स्थित है।

74. (2) 75. (1) 76. (3) 77. (4) 78. (1) 79. (4)
80. (4) 81. (2) 82. (3) 83. (2) 84. (3) 85. (1)
86. (1) 87. (3) 88. (1) 89. (2) 90. (1) 91. (3)
92. (2) 93. (4) 94. (3) 95. (2) 96. (3) 97. (3)
98. (2) 99. (1) 100. (1)

cssri.org